भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1168

09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष दीक्षा

1168. डॉ. सुकान्त मजूमदार:
श्री विनोद कुमार सोनकर:
श्री राजा अमरेश्वर नाईक:
श्री भोला सिंह:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने भविष्य के प्रयोजन से आयुष पेशेवर विकसित करने के लिए हाल ही में “आयुष दीक्षा” नामक अपनी तरह के प्रथम केन्द्र की स्थापना की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर के परिसर में “आयुष दीक्षा” का कार्य किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में उठाए गए/उठाए जाने वाले अन्य कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): जी हाँ। आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेद संस्थानों और अनुसंधान संगठनों के कर्मियों के लिए एक समर्पित प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने को अनुमोदन दिया है। इसे "आयुष दीक्षा"- केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) के लिए एक मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी), नाम दिया गया है। इसकी स्थापना सिविल निर्माण, फर्नीचर, उपकरण और आवर्ती व्यय सहित लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से की जा रही है।

(ग): जी हां, शिलान्यास समारोह 20.01.2024 को केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई), भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था।

(घ): इसके कामकाज के लिए 2 वर्ष की समय सीमा अस्थायी रूप से निर्धारित की गई है।

*****